प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

21.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार के अथक प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी है। मुख्यमंत्री आज कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के मटौर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर कांगड़ा में जलशक्ति विभाग का डिविजन खोलने की घोषणा की और मटौर कॉलेज में नए पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ–साथ पानी और बिजली की योजनाएं सुदृढ़ करने आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में कांगड़ा जिला की तस्वीर बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों से प्रदेश के संसाधनों की लूट करने वालों को दिक्कत हो रही है लेकिन मैं आम आदमी के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के फैसलों में आम जनता का सहयोग भी जरूरी है।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पीठासीन अधिकारियों को आहवान किया है कि लोकतांत्रिक शासन, सामाजिक न्याय और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने बिहार के पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों को ये भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत, जीवन्त और लोगों के प्रति जवाबदेह बनी रहे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि संसद, राज्य विधानसभाओं और विशेषकर हिमाचल प्रदेश विधानसभा से संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने और लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वर्ष 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालयों में शोधपूर्ण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर दिया है ताकि युवाओं को वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके। राज्यपाल आज धर्मशाला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन लाएगी। उन्होंने कहा कि इस व्यापक नीति को एक साथ लागू नहीं किया जा सकता इसलिए इसे चरणबद्ध ढंग से लागू करने की जरूरत है। राज्यपाल ने भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार भी प्रदान किए और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर एस.पी. बंसल ने इस मौके पर विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों का ब्यौरा दिया।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि विकट परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। नरेश चौहान ने आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता में विपक्ष पर नकारात्मक भूमिका निभाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष बीते दो सालों से सिर्फ सरकार गिराने के काम में लगा है और अभी तक सरकार को एक भी सकारात्मक सुझाव उसकी ओर से नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस सब के बावजूद सरकार विपक्ष के हथकंडों से डरने वाली नहीं है। नरेश चौहान ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने पांच साल के शासन काल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तहस–नहस कर दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ड्रग माफिया को खत्म करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि मौजूदा सरकार के तीसरे बजट में बड़े बदलाव होंगे।

ई–केवाईसी

प्रदेश में ई–केवाईसी न होने पर करीब 45 हजार परिवारों के राशन कार्ड को ब्लॉक किया गया है और इन परिवारों को ई केवाई सी होने पर ही राशन मिलेगा। शिमला जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के नियंत्रक, नरेंद्र धीमान ने बताया कि विभाग ने एक मोबाइल एप्लिकेशन तैयार की है, जिसके माध्यम से विदेशों और देश के किसी भी राज्य में लोग घर बैठे ई–केवाईसी करवा सकते हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हैं और ठंडी हवाएं चलने से शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आज से 23 जनवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है।